आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.06.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- डाक विभाग ने योग दिवस पर सात पोस्ट कार्ड और सूर्य नमस्कार पर टिकट जारी किए।
- ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर द्वीपसमूह में उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया।
- शिक्षा निदेशालय कल से नशा विरोधी सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगा।
- अंडमान द्वीपसमूह में अगले चार दिनों तक भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गई है।

<><><><><><><>

डाक विभाग ने ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' पर आधारित सात चित्र पोस्टकार्ड और सूर्य नमस्कार टिकटों पर आधारित की–चेन जारी की। ये डाक टिकट संग्रह भारत की अमूर्त विरासत का जश्न मनाते हैं और राष्ट्रीय तथा सांस्कृतिक मील के पत्थरों को बढ़ावा देने की भारतीय डाक की परंपरा को दर्शाते हैं। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने अपने संदेश में कहा कि योग सिर्फ़ अभ्यास नहीं, शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन की एक कला है। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है और उन्होंने सभी को बेहतर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए इसे अपनी दिनचर्या का नियमित हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। डाक विभाग ने दिल्ली स्थित मुख्य पोस्टमास्टर जनरल के कार्यालय मेघदूत भवन के परिसर में ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस दो हजार पच्चीस बड़े उत्साह के साथ मनाया।

<><><><><><><>

ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के आयुष शाखा ने गर्ल्स स्कूल के सभागार में भव्य समारोह आयोजित किया। द्वीपसमूह के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इस दौरान उन्होंने योग क्रियाएं करने के साथ–साथ नागरिकों से अपील की कि योग को

वर्ष में एक बार का कार्य न मानकर, बल्कि इसे दैनिक अभ्यास और जीवनशैली में अपनाएं। समारोह में अन्य अतिथियों में सांसद बिष्णु पद रे, मुख्य सचिव डॉ. चन्द्रभूषण कुमार, पुलिस महानिदेशक एच एस धालीवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। द्वीपसमूह के सभी क्षेत्रों से विभिन्न स्थानों पर करीब साढ़े सात हजार लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लिया।

<><><><><><><>

भारतीय तटरक्षक बल ने 'योग संगम' के साथ ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जिसमें भारत के तटीय और द्वीप क्षेत्रों में साठ से अधिक स्थानों पर हजारों कर्मियों और उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। सभी आई सी जी क्षेत्रों में योग सत्र आयोजित किए गए, जिसमें जखाऊ, मुंद्रा, वडिनार, ओखा, पिपावाव, सूरत, गांधीनगर और वेरावल सहित उत्तर–पश्चिम क्षेत्र की इकाइयों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की। पश्चिमी समुद्र तट मुंबई, गोवा, पूर्वी तट पर चेन्नई, हल्दिया में समारोह आयोजित हुए। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन नोएडा में आई सी जी कॉम्प्लेक्स में किया गया, जहाँ तटरक्षक बल के महानिदेशक परमेश शिवमणि ने एक हजार से अधिक प्रतिभागियों को संबोधित किया। अंडमान निकोबार कमान की ओर से कैम्पबेल बे के इंदिरा प्वाइंट में योग दिवस मनाया गया। योग सत्र में अंडमान निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ लेफ्टिनेंट जनरल दिनेश सिंह राणा सहित भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना और तटरक्षक बल के कर्मियों ने भाग लिया। आईएनएस उत्क्रोश, में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स स्टार्ट–अप चैलेंज शुरू किया है। इसका उद्देश्य भारत के रूफटॉप सौर और वितरित ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र में तेजी लाना है। स्टार्ट–अप चैलेंज नवप्रवर्तकों और स्टार्टअप्स से आवेदन आमंत्रित करता है, जो चार प्रमुख श्रेणियों – सामर्थ्य, लचीलापन, समावेशिता और पर्यावरणीय स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करता है। आवेदन स्टार्टअप इंडिया की वेबसाइट के माध्यम से जमा किए जा सकते हैं और इसकी अंतिम तिथि बीस अगस्त है। चयनित प्रवर्तक दो करोड़ तीस लाख रुपये के कुल पुरस्कार पूल के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसमें प्रथम पुरस्कार के लिए एक करोड़ रुपये, दूसरे पुरस्कार के लिए पचास लाख रुपये, तीसरे पुरस्कार के लिए तीस लाख रुपये और पांच लाख रुपये के दस सांत्वना पुरस्कार शामिल हैं। विजेताओं को इनक्यूबेशन सहायता, पायलट कार्यान्वयन के अवसर और डोमेन विशेषज्ञों और निवेशकों से मार्गदर्शन भी मिलेगा।

<><><><><><>

शिक्षा निदेशालय की विज्ञान शाखा तेईस से अट्ठाईस जून तक नशा विरोधी सप्ताह मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित करेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, युवाओं के बीच नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना है। छब्बीस जून को सुबह दस बजे राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल से रैली का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत खेल, पेंटिंग, मूवी मेकिंग, रील, मिमस मेकिंग जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

<><><><><><>

गाराचरमा के डाइट में शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के दो वर्षीय डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तीस जून तक बढ़ा दी है। इच्छुक उम्मीदवार सामान्य कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन तीस जून शाम पांच बजे तक जमा किए जा सकते हैं। आवेदन पत्रों की जांच एक जुलाई से पांच जुलाई तक की जाएगी तथा अंतिम स्थाई सूची आठ जुलाई को जारी होगी।

<><><><><><>

अंडमान द्वीपसमूह में अगले चार दिनों तक भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार द्वीपसमूह में चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की तेज हवाओं के साथ–साथ बिजली गिरने और आंधी आने की संभावना है। समुद्र की स्थिति बेहद खराब होने की आशंका के तहत मछुआरों को सलाह दी गई है कि वे अगले तीन दिन अंडमान सागर और द्वीपसमूह के गहरे समुद्र में न जाएं। इस दौरान समुद्री लहरों की ऊंचाई एक दशमलव सात मीटर तक होने का पूर्व अनुमान लगाया गया है। मछुआरों को सलाह दी गई है कि वे अपनी नावों को सुरक्षित स्थान पर ले जाए और मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार ही कार्य करें।

<><><><><><>

मालवाहक जहाज एम वी चुगलुम सत्ताईस जून को शाम चार बजे कार निकोबार, चौरा, तेरेसा, कच्छल और ननकौड़ी होते हुए कैंपबेल बे के लिए रवाना होगा और संबंधित बंदरगाहों पर माल उतारने तथा चढ़ाने के बाद श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा। इस यात्रा के लिए माल की बुकिंग कल सुबह नौ बजे से दोपहर बारह बजे के बीच वाणिज्यिक विंग में शुरू होगी। सभी माल भेजने वालों को सलाह दी गई है

कि वे ट्रांसशिप किए जाने वाले माल की वास्तविक मात्रा बुक करें, क्योंकि किसी भी अतिरिक्त माल की अनुमति नहीं दी जाएगी।

<><><><><><><>

एम वी कैम्पबेल बे की चेन्नई से आगमन में देरी के कारण, जहाज की चौबीस जून की ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे की निर्धारित यात्रा स्थगित कर दी गई है। अब, यह जहाज छब्बीस जून को सुबह नौ बजे हैडो जेट्टी से ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे जाएगा और अट्ठाईस तारीख को सुबह आठ बजे कैम्पबेल बे से ननकौड़ी होते हुए श्री विजयपुरम वापस लौटेगा।

<><><><><><><>